# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 .........../2020**

**इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति के वेबसाईट पर अपलोड रहने तथा Dummy Admit Card छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराने एवं दिनांक 30.10.2020 से 05.11.2020 तक की अवधि में ऑनलाइन त्रुटि संशोधन करने/कराने के संबंध में आवश्यक सूचना :**

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के सभी मान्यता प्राप्त +2विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0 शि0) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन भरे गये सूचीकरण एवं परीक्षा आवेदन के आधार पर छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट seniorsecondary.biharboardonline .com पर दिनांक 30.10.2020 से 05.11.2020 तक त्रुटि सुधार हेतु अपलोड रहेगा।**

**2.** शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से समिति के उक्त वेबसाइट पर लॉग–इन कर Dummy Admit Card डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने +2 विद्यालय/महाविद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से हस्तगत् कराना सुनिश्चित करेंगे एवं Dummy Admit Card में अंकित सभी विवरणी का मिलान करने तथा उसमें परिलक्षित त्रुटि का सुधार उक्त निर्धारित अवधि 30.10.2020 से 05.11.2020 तक कराने हेतु छात्रों को निदेशित करेंगे।

**3.** यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एवं ई–मेल आई0डी0 पर Dummy Admit Card जारी करने एवं त्रुटि सुधार हेतु Message भेजा जा रहा है। वर्णित अवधि में सभी छात्र/छात्रा स्वयं भी समिति के वेबसाइट **seniorsecondary.biharboardonline.com** पर Dummy Admit Card Link पर Click करने के बाद खुले पेज पर अपना जन्म तिथि, रजिस्ट्रेशन नंबर एवं +2 विद्यालय/महाविद्यालय कोड प्रविष्ट कर अपना Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

**4.** समिति के उक्त वेबसाईट पर जारी Dummy Admit Card +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान एवं छात्र/छात्रा द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

(i) **+2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया** :–

संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने पूर्व से प्राप्त यूजर आई0डी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **seniorsecondary.biharboardonline.com पर** Click **कर** Login **करेंगे। इसके उपरांत** Dummy Admit Card Option **पर** Click **करेंगे। तत्पश्चात संकायवार** अपने +2 विद्यालय/महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

(ii) **परीक्षार्थी द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया** :–

सभी परीक्षार्थी अपने सूचीकरण संख्या एवं जन्म तिथि का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **seniorsecondary.biharboardonline.com** पर Click **करेंगे। इसके उपरांत** Click Here to Dummy Admit Card **के** Option पर जाकर अपना सूचीकरण संख्या एवं जन्म तिथि अंकित कर Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

**5.** इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा को सूचित किया जाता है कि अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर अथवा स्वयं अपना Dummy Admit Card उक्त वेबसाइट से डाउनलोड करने के बाद उसमें अंकित सभी विवरण का भली–भाँति मिलान करेंगे। Dummy Admit Card में यदि किसी छात्र/छात्रा के नाम, पिता का नाम, माता का नाम, कोटि, लिंग, विषय, जन्म तिथि, फोटो एवं हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे छात्र/छात्रा अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने शिक्षण संस्थान



Scanned with CamScanner

के प्रधान को ऑनलाइन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति शिक्षण संस्थान के प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **परीक्षार्थी द्वारा जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित Dummy Admit Card के आधार पर संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान ऐसे छात्र/छात्राओं की विवरणी में ऑनलाइन त्रुटि सुधार दिनांक 30.10.2020 से 05.11.2020 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित छात्र/छात्रा के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाय।** उक्त अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित अवधि तक त्रुटि के सुधार हेतु शिक्षण संस्थान के प्रधान को Dummy Admit Card उपलब्ध नहीं कराया जाता है अथवा शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा ऑनलाइन त्रुटि सुधार नहीं किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व शिक्षण संस्थान के प्रधान के साथ-साथ संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक की भी होगी।

6. विदित हो कि जिस छात्र/छात्रा का सूचीकरण/परीक्षा आवेदन भरे जाने के मद में शुल्क जमा नहीं रहेगा, उसका Admit Card डाउनलोड नहीं किया जा सकेगा।

7. विदित हो कि सरकार के द्वारा कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन एवं सभी आवश्यक ऐहतियाती कार्रवाई का विस्तृत निदेश निर्गत है। इस परिदृश्य में वर्णित कार्य के निर्वहन के लिए शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त दूरी पर अलग-अलग काउन्टर लगाकर छात्र/छात्राओं को Dummy Admit Card हस्तगत कराया जायेगा एवं इसमें परिलक्षित त्रुटियों का सुधार हेतु समर्पित अनुरोध प्राप्त कर ऑनलाइन सुधार किया जायेगा। सभी शिक्षण संस्थान के प्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि इस कार्य में प्रतिनियुक्त सभी कर्मी एवं सभी छात्र/छात्रा द्वारा अनिवार्य रूप से मास्क पहनकर सोशल डिस्टेन्सिंग का कठोरतापूर्वक पालन किया जा रहा है।

8. Dummy Admit Card ऑनलाइन डाउनलोड करने एवं उसमे त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं0-0612-2230039 एवं 2235161 अथवा E-mail Id: reg.bsebhelpdesk@gmail.com पर सूचित कर समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

29.10.20

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : BSEB/(SS)/KEN/--1035--/2020 पटना, दिनांक : 29/10/2020

प्रतिलिपि :
1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
2. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. मे0 केन्ट्रॉन प्रा0 लि0 को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि वर्णित आलोक में सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
4. उप निदेशक, आई0टी0/सिस्टम एनालिस्ट (उ0मा0) को सूचनार्थ भेजते हुए निदेशित किया जाता है कि वर्णित आलोक में सभी प्रकार की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं इस कार्य की सतत् निगरानी एवं पर्यवेक्षण की जाए।
5. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, परीक्षा नियंत्रक (मा०) तथा निदेशक, आई0टी0 को सूचनार्थ प्रेषित।

29.10.20

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

29/10/20 29.10.20 29/10/20

C:\Users\Admin\Desktop\Vigyapti 29-10-2020 Regarding Dummy Admit-Card.docx2

Scanned with CamScanner